भारत सरकार
पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 2004
दिनांक 28.07.2014 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय स्तर के स्वच्छता अनुसंधान केंद्र की स्थापना

2004. श्री मनसुख एल॰ मांडविया:

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्रीय सरकार राष्ट्रीय स्तर के स्वच्छता और स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना करने की इच्छा रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार को गुजरात में इस संस्थान की स्थापना हेतु कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और
(ग) क्या सरकार ने इस संस्थान की स्थापना हेतु कोई विस्तृत अध्ययन कराया है?

उत्तर
राज्य मंत्री, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय
(श्री उपेन्द्र कुशवाहा)

(क) देश में राष्ट्रीय स्तर के स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना की संभावना के संबंध में केन्द्रीय सरकार ने व्यवहार्यता अध्ययन की शुरूआत की है।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रस्तावित केन्द्र के लिए व्यवहार्यता अध्ययन शुरू किया गया है, जो पूरा नहीं हुआ है।

****